आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार, 27.10.2024

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी पर चिंता जताई है।
- उत्तराखण्ड परिवहलन निगम के बेडे में बीएस– सिक्स मॉडल की 130 नई बसें हुई शामिल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिखाई हरी झंडी।
- कर्मचारी राज्य बीमा योजना–ईएसआई के अंतर्गत इस वर्ष अगस्त में 20 लाख 74 हजार से अधिक नए श्रमिकों ने पंजीकरण कराया।
- नैनीताल जिले के सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल में सिंथेटिक ट्रैक युक्त स्टेडियम बनाया जाएगा।

मन की बात 01

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी पर चिंता जताई है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से निपटने के लिए सभी जांच एजेंसियां राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने दोहराया कि कानून में डिजिटल गिरफ्तारी का कोई प्रावधान नहीं है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के श्रोताओं के लिए एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच बातचीत दिखाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और आयु वर्ग के लोग डिजिटल गिरफ्तारी के शिकार हुए हैं और डर से लाखों रुपये गंवा चुके हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जब उनके पास इस तरह की धोखाधड़ी वाली कॉल आए तो वे डरें नहीं।

कल 'विश्व एनिमेशन दिवस' मनाया जा रहा है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एनिमेशन की दुनिया में एक नई क्रांति लाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने लोगों से भारत को वैश्विक एनिमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि भारत का गेमिंग स्पेस भी तेजी से बढ़ रहा है और भारतीय खेल पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं।

मन की बात 02

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आत्मनिर्भर भारत अभियान सफल हो रहा है और यह अभियान राष्ट्र की सामूहिक चेतना का हिस्सा बन गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मनिर्भर बनने के बाद भारत हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। भारत, जो दुनिया में रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा खरीदार था, अब 85 देशों को निर्यात कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से सोशल मीडिया पर नवाचारों और आत्मनिर्भर भारत के उदाहरण साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे इस त्योहारी सीजन में वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ खरीदारी करने को कहा।

आज के 'मन की बात' में श्री मोदी ने दो महान नायकों सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की चर्चा की जिनमें साहस और दूरदर्शिता थी। उन्होंने घोषणा की कि देश उनकी 150वीं जयंती मनाएगा। सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष 31 अक्टूबर से शुरू होगी। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष 15 नवंबर से शुरू होगी। श्री मोदी ने कहा कि इन दोनों महान आत्माओं ने अलग—अलग चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उनका विजन एक ही था —'देश की एकता'।

नई बसें

उत्तराखण्ड परिवहलन निगम को बीएस— सिक्स मॉडल की 130 नई बसें मिली हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज बसों को हरी झण्डी दिखाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस ये बसें लोगों के परिवहन को सुगम बनाने की कड़ी में महत्वपूर्ण साबित होंगी। ये बसें प्रदेश की आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को भी गति प्रदान करेंगी। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों में परिवहन के लिए बसों की जरूरत पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन को गतिमान बनाने का काम परिवहन निगम पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सुदूर गांवों को भी सड़क और परिवहन तंत्र से जोड़ने के लिए संकल्पबद्ध है ओर ये अत्याधुनिक बसें इसी संकल्प को पूरा करने में सहायक सिद्ध होंगी।

नए कर्मचारी पंजीकरण

कर्मचारी राज्य बीमा योजना में इस वर्ष अगस्त में 20 लाख 74 हजार से भी अधिक नए कर्मचारियों ने अपना पंजीकरण कराया है। पिछले कुछ वर्षों के आंकडों के अनुसार, पिछले वर्ष अगस्त महीने की तुलना में पंजीकरण में छह दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें से 9 लाख नवासी हजार कर्मचारी 25 वर्ष से कम आयु वर्ग के हैं जो कुल पंजीकृत संख्या का 47 दशमलव छह—आठ प्रतिशत है। जबकि, चार दशमलव एक—चार लाख कर्मचारी महिला वर्ग हैं।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि इस अवधि के दौरान 28 हजार 917 नए प्रतिष्ठानों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के दायरे में लाया गया है।

घोषणा

नैनीताल जिले की सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल में सिंथेटिक ट्रैक युक्त स्टेडियम बनाया जाएगा। साथ ही विद्यालय में कृत्रिम घास युक्त फुटबॉल मैदान का निर्माण भी किया जाएगा। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के वार्षिक समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की। विद्यालय द्वारा 10वीं बार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में सर्वाधिक प्रविष्टियां देने का रिकॉर्ड बनाने और 10वीं बार रक्षा मंत्री ट्रॉफी जीतने के लिए मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक विद्यालय राष्ट्र और समाज के कर्मठ, लगनशील, अनुशासित और दृढ़ संकल्पित नागरिक तैयार करता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बाद बहुत से लोग आज देश की सेना और अन्य क्षेत्रों में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन

भारत अंतरिक्ष में वर्ष 2035 तक अपना अंतरिक्ष केन्द्र स्थापित करेगा, जिसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन — इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के दौरान यह बात कही।

सहमति पत्र का उद्देश्य जैव प्रौद्योगिकी को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करना है जिससे देश में वैज्ञानिक नवाचार के एक नए युग की शुरुआत होगी। इसके अलावा सहमति पत्र में भारतीय अंतरिक्ष

स्टेशन की स्थापना और बायोई–3 यानि अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी नीति जैसी कई प्रमुख पहलों की रूपरेखा तैयार करने की बात कही गई

डॉ. सिंह ने कहा कि सार्वजनिक और निजी भागीदारी भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के तेजी से विकास में सहायक रही है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और करीब 300 स्टार्टअप अब अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं।

निर्देश

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने दीपावली, राज्य स्थापना दिवस और गंगा उत्सव पर जिले में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आतिशबाजी की दुकानें निर्धारित स्थानों पर लगाए जाने और सुरक्षा व्यवस्था व फायर वाहन की व्यवस्था पुख्ता रखने को भी कहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को एकल उपयोग प्लास्टिक के विरुद्ध छापेमारी के साथ 15 नवंबर तक स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली के तहत स्वच्छता अभियान मिशन मोड पर चलाने को कहा है।

त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए जिले में एक चलती फिरती लैब– सचल वैन भी चलाई है। इसमें विभिन्न खाद्य सामग्रियों की रैपिड जांच की जाती है और उसके परिणाम आने पर मिलावट खोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

उधर, त्यौहारी सीजन के चलते टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मुनि की रेती नगरपालिका क्षेत्र के तहत घाटों, फुटपाथ, पार्कों, सड़कों और बाजार का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आस्था पथ, जानकी सेतु पार्किंग, योगा पार्क, भद्रकाली, चिकित्सा सहायता केन्द्र आदि में साफ–सफाई का जायज़ा लेने के साथ ही अन्य स्थलों पर निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण कार्यों की जानकारी भी ली।

गिरफ्तारी

बागेश्वर जिले में सिमगडी पोस्ट ऑफिस के खाताधारकों के विभिन्न बचत योजनाओं के खातों के साथ ही सरकारी नकदी का धोखाधड़ी कर गबन करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में अभियुक्त द्वारा अभी तक लगभग 32 लाख से अधिक धनराशि का किया गबन सामने आया है।